# जनमदिन आया कान्हा का | by Muskan Sharma

सज गई गोकुल नगरी सारी जनमदिन आया कान्हा का
रे सारे झूमा नाचां गावां कैसी आई अजब बहार
देखो नन्द बाबा के घर में जन्मे जन्मे कृष्ण मुरार
जिसको देखो उसपे ही रंग छाया कान्हा का
सज गई गोकुल नगरी सारी...........

फूलों की लटके लड़ियाँ, आई कैसी शुभ घड़ियाँ
खुशियों की आज हमारे दिल में छूटे फुलझड़ियां
प्यारा सुन्दर रूप सलोना मेरे मन भाया कान्हा का
सज गई गोकुल नगरी सारी...........

धूम मची है भारी सब नाच रहे नर नारी
कान्हा की प्यारी सूरत पे जाऊं वारि वारि
उसकी खुल गई किस्मत जिसने दर्शन पाया कान्हा का
सज गई गोकुल नगरी सारी...........

नन्द बाबा दाऊ भैया, सब नाचे ता था थैया
आज फूली नहीं समाये देखो जी यशोदा मैया
प्यारे भीमसेन ने सुन्दर भजन बनाया कान्हा का
सज गई गोकुल नगरी सारी...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a4%ae%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-muskan-sharma/